# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

26 जनवरी 2025, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली के नरेला में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**8 फरवरी को अरविंद केजरीवाल के कुशासन का अंत होगा और दिल्ली आप-दा से मुक्त हो जाएगी**

**********************

**अरविंद केजरीवाल ने पूर्वांचालियों का अपमान किया, उन्हें फर्जी वोटर कहा और कोरोना के समय दिल्ली से भगाया**

**********************

**'आम आदमी पार्टी' मतलब 'अवैध आमदनी पार्टी'**

**********************

**अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के पैसों से पंजाब, गुजरात और गोवा का लड़ा चुनाव**

**********************

**दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने स्कूलों, मंदिरों और गुरुद्वारों के पास शराब की दुकान खोलकर दिल्ली के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया**

**********************

**दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर 3 साल में यमुना साफ हो जाएगी और 2 साल में ही दिल्ली रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्त होगी**

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली की नरेला विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि **अरविंद केजरीवाल के 10 वर्षों के शासन में दिल्ली की स्थिति बद से बदतर हो गई है। इन 10 वर्षों के दौरान दिल्ली में गंदे पानी और जलभराव जैसी समस्याओं से जूझ रही है। दिल्ली में कचरे, जर्जर बाग-बगीचों, खराब स्कूलों और अस्पतालों में सुविधाओं की कमी से त्रस्त है।** उन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर लोकसभा सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया और विधानसभा प्रत्याशी श्री राज करण खत्री समेत अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज 76वां गणतंत्र दिवस है, और हमारा संविधान 75 वर्ष पूरे करके 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 75 वर्षों में देश की जनता ने लोकतंत्र की जड़ों को पाताल तक गहरा करने का काम किया है। **यही हमारे लोकतंत्र की ताकत है कि एक गरीब चायवाले का बेटा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने।** संविधान की वजह से ही आज **एक गरीब आदिवासी बेटी, माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी, देश की राष्ट्रपति बनकर राष्ट्रपति भवन को सुसज्जित कर रही हैं। एक सामान्य किसान परिवार से आने वाले जाट समाज का बेटा आज देश के उपराष्ट्रपति हैं।** इससे पहले, एक गरीब दलित वर्ग से आने वाले श्री रामनाथ कोविंद भी देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। यह सब हमारे संविधान की शक्ति और लोकतंत्र की देन है। इसी संविधान के तहत, **दिल्ली की जनता एक उम्मीद लगाए बैठी है कि 5 फरवरी को अपने मत का सही उपयोग करेगी और 8 फरवरी को मतगणना के बाद**

**दिल्ली को आप-दा के कुशासन से मुक्ति मिलेगी।** अरविंद केजरीवाल के कुशासन का अंत 8 फरवरी को तय है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेला विधानसभा के तहत आने वाले बकतावरपुर, अलीपुर, नरेला, बाकडेर, होलम्बी कलां जैसे सभी वार्ड अरविंद केजरीवाल को सत्ता से हटाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। **अरविंद केजरीवाल के 10 वर्षों के शासन में दिल्ली की स्थिति बद से बदतर हो गई है।** वहीं, 10 वर्षों में भाजपा शासित डबल इंजन की सरकारों ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम छुए हैं। लेकिन **इन 10 वर्षों के दौरान दिल्ली में गंदे पानी और जलभराव जैसी समस्याओं से जूझ रही है।** दिल्ली में कचरे, जर्जर बाग-बगीचों, खराब स्कूलों और अस्पतालों में सुविधाओं की कमी से त्रस्त है। **नरेला विधानसभा की बात करें तो यहां कचरा नहीं उठाया जाता, पीने के लिए 24 घंटे स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है, स्कूलों की हालत बेहद खराब है और केजरीवाल सरकार के मोहल्ला क्लीनिक किसी उपयोग के नहीं हैं।** अरविंद केजरीवाल ने केवल अव्यवस्थाओं को जन्म नहीं दिया है, बल्कि **देश में भिन्न जगहों पर जाकर अपने परिश्रम से देश के विकास में योगदान देने वाले पूर्वांचल समाज का अपमान किया है। केजरीवाल ने पूर्वांचलियों को फर्जी वोटर करार दिया, कोरोना के वक्त पूर्वांचलियों को दिल्ली से भगाने की बात कही। केजरीवाल ने यहां तक कहा कि पूर्वांचली लोग 500 रुपए का टिकट लेकर 5 लाख रुपए का इलाज करवाने दिल्ली आ जाते हैं।** वहीं दूसरी ओर भाजपा ने वादा किया है कि दिल्ली में सरकार बनने पर 5 लाख नहीं बल्कि 10 लाख रुपए का निशुल्क इलाज मुहैया कराया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देशभर में दी गई **आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज की सुविधा से दिल्ली की जनता को वंचित रखने का पाप किया है।** "आप" ने लोगों को मोहल्ला क्लीनिक का झुनझुना पकड़ा दिया, जिनमें मोतियाबिंद और किडनी ट्रांसप्लांट तक जैसी कोई सुविधा नहीं है।

श्री शाह ने कहा कि **केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषण मुक्त करने का वादा किया था, लेकिन10 वर्षों के शासन काल में भी यमुना को प्रदूषण मुक्त नहीं बनाया, इसके विपरीत यमुना का प्रदूषण का स्तर इतना खतरनाक हो गया कि दिल्ली की जनता छठ पूजा पर यमुना में डुबकी नहीं लगा सकते।** आम आदमी पार्टी ने सिर्फ झूठ पर झूठ बोलकर वोट बटोरने और आगे बढ़ने का काम किया है। **आम आदमी पार्टी का असली नाम है - अवैध आमदनी वाली पार्टी।** ये लोग दिल्ली के पैसों से पंजाब, गुजरात और गोवा का चुनाव लड़ते हैं। कांग्रेस ने हाल ही एक ऑडियो टेप जारी कर केजरीवाल पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं जिसमें **आम आदमी पार्टी के विधायक शरद चौहान ने मनीष सिसोदिया से शराब नीति को लागू न करने की बात कही जिस पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर इसे लागू नहीं किया तो पंजाब, गुजरात और गोवा के चुनाव लड़ने के लिए पैसे कहां से आएंगे। आम आदमी पार्टी ने अब तक इस ऑडियो का खंडन नहीं किया है।** दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री ने स्कूलों, मंदिरों और गुरुद्वारों के पास शराब के ठेके खोल कर युवा पीढ़ी को बर्बाद कर दिया, हजारों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया और अंत में केजरीवाल और सिसोदिया दोनों को जेल जाना पड़ा। **सुप्रीम कोर्ट की बेल मिलने पर केजरीवाल उन्हें क्लीन चिट मिलने का भ्रम फैला रहे हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **पूरे देश में उच्च न्यायालय से सबसे ज्यादा फटकार आम आदमी पार्टी की सरकार को पड़ी है। आप सरकार को वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, बिजली कटौती, कोविड प्रबंधन के लिए फटकार पड़ी और इसके अलावा जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा विज्ञापन में खर्च के लिए 97 करोड़ रुपए हर्जाना भरने का आदेश भी उच्च न्यायालय ने दिया है।** केजरीवाल ने अन्ना हजारे के आंदोलन में उनके साथ आंदोलन किया और राजनीतिक पार्टी न बनाने की बात कही थी लेकिन अन्ना हजारे वापस रालेगांव सिद्धी पहुंचे भी नहीं थे केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी का गठन कर दिया। उसके बाद **केजरीवाल ने कांग्रेस का समर्थन न लेने की बात कहने के बावजूद कांग्रेस का समर्थन लिया।** गाड़ी, घोड़ा, सिक्योरिटी नहीं लेने की बात कहने वाले लोगों ने गाड़ियां और सिक्योरिटी भी ली एवं **सरकारी आवास लेने से इनकार करने वाले केजरीवाल ने 4 बंगले तोड़ कर 51 करोड़ रुपए का शीशमहल बना लिया।** केजरीवाल के इस शीशमहल में 6 करोड़ रुपए के मार्बल, 4-6 करोड़ के स्वचालित पर्दे, 70 लाख के

स्वचालित दरवाजे, 64 लाख की 16 स्मार्ट टीवी, 50 लाख की कालीन, 15 करोड़ की पानी प्रणाली और 10 लाख के रेक्लाइनर सोफे लगाए गए हैं।

श्री शाह ने कहा कि केजरीवाल ने अनेकों वादे कर दिए लेकिन एक भी पूरा नहीं कर पाए जिनमें अस्पतालों मे बिस्तरों की संख्या दोगुनी करने का, 24 घंटे पानी मुहैया करवाने का, दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने का, कूड़ा मुक्त दिल्ली बनाने का, टैंकर माफिया खत्म करने, स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय बनाने और फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के वादे शामिल हैं। **केजरीवाल ने वादे पुरे नहीं करने के बाद हजारों करोड़ रुपए को घोटाले किए।** केजरीवाल ने 28 हजार करोड़ रुपए का जल बोर्ड में, 5400 करोड़ रुपए का राशन वितरण, 4500 करोड़ रुपए का डीटीसी बस और 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र की घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर माताओं को 2500 रुपए प्रतिमाह, गर्भवती माता को 21 हजार रुपए, 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपए तक निशुल्क स्वास्थ्य बीमा, तीन वर्षों में यमुना रिवर फ्रंट का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं की पेंशन में बढ़ोतरी, गरीबों के लिए 5 रुपए में थाली, ऑटो, टैक्सी चालकों को 10 लाख का जीवन बीमा एवं 5 लाख का दुर्घटना बीमा, अनाधिकृत कॉलोनियों का मालिकाना हक, 13 हजार सील दुकानों को खोलने और शरणार्थियों को मिली लीज होल्ड संपत्तियों को फ्री होल्ड में बदलने का कार्य करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **दिल्ली में सरकार बनने पर भाजपा मात्र 2 वर्षों में दिल्ली को बांग्लादेशी रोहिंग्याओं से मुक्त कर देगी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।** भाजपा ने भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनाने का वादा किया था, और पिछले 500 वर्षों से टेंट में विराजमान राम लला को अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाकर प्रतिष्ठित किया है। जब उरी और पुलवामा की आतंकी घटनाओं के बाद माननीय **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की, तो अरविंद केजरीवाल ने सबूत मांगे और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में बम धमाके बंद हो गए हैं, और 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद भी पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित बनाया, ट्रिपल तलाक को खत्म किया, देश में यूसीसी लाने की दिशा में कदम उठाए, और अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंचाया। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि **अगले 2 वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में नई कार्य संस्कृति की शुरुआत की है। अब चुनाव जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आधार पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस की राजनीति के आधार पर जीते जा रहे हैं। आज पूरा भारत माननीय नरेन्द्र मोदी जी को आशीर्वाद दे रहा है, और 40 वर्षों बाद कोई नेता लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना है। महाराष्ट्र, हरियाणा के बाद अब दिल्ली की बारी है। **भाजपा दिल्ली को दुनिया की सबसे बेहतरीन राजधानी के रूप में स्थापित करेगी।** श्री शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में कमल के निशान पर वोट देकर भाजपा और उसके प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

***************************